Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding the implementation of Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in Bihar

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): महोदय, पूरे बिहार में इस वर्ष अनावृष्टि के चलते धान की फसल मारी गई, अकाल की स्थिति आ गई। उसके बाद जहां-जहां नहरों से सिंचाई की सुविधा थी, वहां पम्प के माध्यम से कुछ किसानों ने किसी तरह धान की रोपाई की। उसमें भी एक मधुआ नामक रोग लग गया और उनकी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। जिन लोगों ने धान की रोपनी में, जुताई, कोड़ाई, फर्टिलाइज़र वगैरह में अपने सारे पैसे खर्च कर दिए, वैसे किसानों का तो दोहरा नुकसान हुआ।

महोदय, आपके माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि बिहार में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही फसल बीमा योजना लागू नहीं है, जिसके चलते किसानों को बीमा की राशि नहीं मिल पाती है। बिहार सरकार की स्थिति यह है कि उससे कोई उम्मीद नहीं है। बिहार सरकार तो जहरीली शराब पिला कर सामूहिक हत्याएं करा रही है।... (व्यवधान) इसलिए वहां के किसानों को बिहार सरकार से कोई उम्मीद नहीं है कि वह उन्हें राहत पहुंचाएगी और उनकी मदद करेगी।... (व्यवधान) वहां तो फसल बीमा योजना लागू ही नहीं है**,** इसलिए मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से यह मांग है कि जिन किसानों की फसल मधुआ रोग से बर्बाद हुई है**,** उन्हें उसका मुआवजा भारत सरकार के माध्यम से दिया जाए।